

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जनपद नारायणगंज



अमर दुर्गा उत्सव समिति चक्रवर्ती मोहल्ला नारायणगंज



हरसिद्धी महाकाली समिति बस स्टैण्ड नारायगंज



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति सागर कॉलोनी नारायणगंज



ओम श्री मां दुर्गा सप्तशती मंडल रोड नारायणगंज

### अघोषित ऑटो स्टैंड और अवैध पार्किंग बनी बड़ी समस्या

# नगर में यातायात व्यवस्था चरमराई

*** दुकानदारों का सड़क पर कब्जा।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

नगर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से चरमराई हुई है। सड़कों पर चलना आमजन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। बस स्टैंड से लेकर बिंझिया और बिनैका तिराहा तक अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका प्रमुख कारण सड़कों पर बसों की धीमी गति, बार-बार रुकावट और अव्यवस्थित ऑटो चालकों की बढ़ती गतिविधियाँ हैं।

## प्रमुख चौराहों पर बने अघोषित ऑटो स्टैंड

चिलमन चौक, तहसील चौक, बड़ा चौक और उदय चौक जैसे स्थानों पर ऑटो चालकों ने अघोषित रूप से स्टैंड बना लिए हैं। ये चालक सवारियों के चक्कर में सड़कों पर ही अपने वाहन खड़े कर देते हैं और आगे-पीछे करते रहते हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। यदि कोई इन्हें समझाने का प्रयास करता है, तो वे बहस या विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं।

## प्रशासन से की गई माँगें

नगर के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह इन ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्टैंड तय करे और उन्हें सख्ती से इन स्थानों का पालन करने के निर्देश दे। इसके अतिरिक्त, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए।

## अवैध पार्किंग और अतिक्रमण बनी बड़ी बाधा

नगर की सड़कें व्यापारियों और थोक विक्रेताओं की मनमानी का भी शिकार हैं। दुकानों के सामने ही लोडिंग-अनलोडिंग होती है और ग्राहकों द्वारा वाहन सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। सड़क चौड़ीकरण के बाद भी आम जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा, क्योंकि दुकानदार अपनी दुकानों के सामने सड़क पर ही सामान रख देते हैं।

## विशेष क्षेत्रों में गंभीर स्थिति

पड़ाव क्षेत्र में जैन मंदिर के आसपास संचालित बैंकों के बाहर वाहनों का जमावड़ा अब आम बात हो गई है। वहीं, बस स्टैंड से कटरा तक सड़क किनारे मैकेनिकों की दुकानों और वाहन एजेंसियों के बाहर खड़े वाहन यातायात को और जटिल बना रहे हैं।

## बिना कागजों के चल रहे ऑटो और हफ्ता वसूली की चर्चा

कुछ सूत्रों का कहना है कि नगर में बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा बिना वैध कागजातों के चल रहे हैं। आमजन का आरोप है कि पुलिस और आरटीओ की मिलीभगत से इन ऑटो चालकों से हफ्ता वसूली कर उन्हें खुली छूट दी जा रही है। इससे ऐसे चालकों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं।

## पुलिस की लचर निगरानी व्यवस्था

जनता का कहना है कि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भले ही चौराहों या भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में हो, लेकिन वे सड़कों पर सक्रिय न होकर वाहन में बैठकर केवल माइक से अनाउंसमेंट करते हुए आगे निकल जाते हैं। जबकि उनके निर्देशों का पालन वाहन चालक नहीं करते और स्थिति जस की तस बनी रहती है।

## संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक है कि आरटीओ और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से लगातार सड़कों पर सक्रिय रहें और कठोर कार्रवाई करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई की जाए।

## जागरूक नागरिकों की प्रशासन से अपील

नगर के जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगरपालिका से अपील की है कि यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएँ, ताकि नगरवासी सुगमता और सुरक्षा के साथ यातायात का उपयोग कर सकें।



> बिना लाइसेंस वाहन चलाना, नाबालिक द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, रॉन्ग साइड वाहन चलाना, बिना फिटनेस वाहन चलाना और बिना परमिट वाहन चलाने वाले कुल 2,428 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर 11,76,000 का समन वसूल किया गया है। जनजागरूकता हेतु स्कूल-कॉलेजों व स्थानीय नागरिकों को पंपलेट वितरित किए गए, रैली और नुक्कड़ सभा आयोजित हुई। शहर के चौराहों व दुर्गा पंडालों में मोबाइल एलईडी स्क्रीन से सड़क दुर्घटना बचाव और सरकारी योजनाओं (राहवीर, हिट एंड रन, कैशलेस उपचार) की जानकारी दी गई।

# टिकरिया में माता जगत जननी माँ के दरबार में नन्हे मुन्ने बच्चों का हुआ डांस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव थाना परिषद टिकरिया माता जगत जननी माँ के दरबार में नन्हे मुन्ने बच्चों का डांस प्रोग्राम रखा गया था 27 9.2025 दिन शनिवार रात्रि में कुर्सी दौड़ पुगा फोड एवं नन्हे मुन्ने बच्चों का डांस चल रहा था जिसमें कल रात्रि को फाइनल किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों को फर्स्ट सेकंड शील्ड पुरस्कार दिया गया इसके पश्चात सभी खेलकूद में जो बच्चे भाग लिए थे सभी बच्चों को शील्ड मेडल एवं नगद पुरस्कार सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति थाना परिषद टिकरिया के द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया जिसमें निर्णायक संजय दुबे मनमोहन कोठारिया थाना प्रभारी गोपाल घाशले प्यारे लाल यादव जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा प्रशांत बघेल आशु उपाध्याय बंटू सिंगरौरे अंकित यादव सोनू लाल रामचंद्र यादव बुद्ध सेन नीरज निरंकार सोनू पटवा नारायण तराम पंकज थापा बलराम पार्टी बल्लू यादव अनिल अहिरवार राकेश अहिरवार आदित्य सोनू शर्मा शानू शर्मा दीपक सोनी एवं समाज समिति के सदस्य नन्हे मुन्ने बच्चों का उत्साह वर्धन बनाते हुए बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति थाना परिसर टेकरिया में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बच्चों का प्रोग्राम रहा मां दुर्गा जगत जननी माता से यही प्रार्थना है कि हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों के ऊपर ऐसे ही कृपा बनाए रखना और उज्जवल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद हमेशा बनाए रखना जय मां दुर्गे निवेदक सर्वजनि के दुर्गा उत्सव समिति थाना परिसर टेकरिया आप सभी श्रद्धालुओं भक्त जनों का वंदन अभिनंदन करती है इसके पश्चात अष्टमी में के दिन भी देवी जागरण का कार्यक्रम रखा गया है उसके पश्चात नवमी के दिन भी भव्य देवी जागरण जागरण का आयोजन होने जा रहा है जिसमें गायक श्री सुरेश पटेल बरगी नगर जबलपुर वाले और गायक श्री सुकरू दास एवं समस्त कलाकार जबलपुर से मां जगत जननी माता के दरबार में देवी जागरण प्रस्तुति इतनी गायको के द्वारा दी जाएगी जिसमें समस्त क्षेत्र एवं ग्राम वासियों से विनम्र अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को देखने के लिए अपना बहुमूल्य समय निकालकर थाना परिषद टिकरिया में पहुंचने का कष्ट करें और भव्य देवी द जागरण का आनंद ले जिसमें सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति थाना परिषद टिकरिया आपका हार्दिक हार्दिक बंधन अभिनंदन करती है कार्यक्रम को देखना ना भूले।

# नगर की मातृ शक्तियां और दुर्गावाहिनी द्वारा सभी दुर्गा पंडालों में जाकर की शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया




नगर की मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी द्वारा सभी मां शक्ति दुर्गा मंच, के पंडालों में क्रमशः शस्त्र पूजन किया जा रहा है। प्रत्येक पंडाल की स्थानीय महिला मंडल समिति के साथ मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी द्वारा माता जगदंबा के दरबार में विभिन्न शस्त्र सजाकर मंत्रोच्चार के साथ उनका विधिवत पूजन किया गया। सार्वजनिक दुर्गोत्सव खेरमाई परिवार (विभूति किराना के बाजू में), नवशक्ति दुर्गोत्सव समिति (वार्ड नंबर 07), सार्वजनिक कालिकोत्सव समिति (मुक्तिमार्ग), माता काली मढिया (शिव पंडा) वार्ड नंबर 10, सार्वजनिक एकता दुर्गोत्सव समिति (वेयर हाउस), सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति (भुआ) शिवहरे कॉम्प्लेक्स इन सभी स्थानों में स्थानीय महिला मंडल के साथ मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी द्वारा शस्त्र पूजन संपन्न हुआ और पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान सभी सार्वजनिक मंच, पंडालों में माताओं, बहनों द्वारा पूजन कार्यक्रम लगातार सम्पन्न किया जाएगा। सार्वजनिक कालिकोत्सव समिति मंच में कार्यक्रम के दौरान मातृशक्ति जिला प्रमुख श्रीमती बबीता गोहिया ने शस्त्र पूजन के विषय में उद्बोधन दिया, उन्होंने बताया कि हमारे सनातन धर्म में शस्त्र पूजन नवरात्रि का विशेष उत्सव है और इसे प्रत्येक नवरात्रि में मनाया जाना चाहिए, जैसे हम दीपावली में अपने घर की हर वस्तुओं गाड़ी, दरवाजे, द्वार आदि सभी की पूजा करते हैं, वैसे ही नवरात्रि में शस्त्र पूजन माता दुर्गा की प्रसन्नता के लिए किया जाता है। तीनों देव ब्रह्मा विष्णु महेश की संगम शक्ति के नाम से विख्यात माता दुर्गा त्रिदेवों की शक्ति हैं और इसी तरह बिना नारी शक्ति के संसार का संचालन असम्भव है। एक नारी अपने जीवन में पुत्री, बहन, पत्नी, मां के रूप में कर्तव्य निभाती हैं, पर जब समाज और धर्म संकट में होता है तो वहीं नारी रानी लक्ष्मीबाई, अवंती बाई, जीजा बाई बनकर प्रचण्ड रूप धारण कर शत्रुओं अधर्मियों का दमन करती है और इसीलिए माता दुर्गा को शस्त्र प्रिय हैं। एक हाथ से माता जगत के धर्म प्रेमी भक्तों को आशीर्वाद देती है और दूसरे हाथों में शस्त्र धारण कर अधर्मियों का विनाश करती है, इसीलिए शस्त्र पूजन माता दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है और इस कार्यक्रम को हम सभी को प्रत्येक नवरात्रि में माता रानी के दरबार में आवश्यक रूप से करना चाहिए। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम में नगर की सभी महिला मंडल मातृशक्ति समिति, माताएं बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आभार प्रकटन नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी जी ने किया।



आदर्श भवानी मंडल बाजार चौक नारायणगंज।



सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति थाना टिकरिया



न्यूसेतु दुर्गा समिति बलईपुल खैरी की माता



नवदुर्गा समिति बड़ चौराहा नारायणगंज की माता



श्री सिद्ध बाबा महाकाली समिति नारायणगंज

# नवरात्र पर्व में पंडालों में विराजी माँ जगत जननी


कुशवाहा मुहल्ला में स्थापित


ग्राम सूखाखैरी में स्थापित प्रतिमा


सूखाखैरी सिगोडी माता की प्रतिमा स्थापित


सूखाखैरी दुर्गा मंडल द्वारा स्थापित प्रतिमा


बाहरबड़ा खेरापति के पास स्थापित प्रतिमा।

## सार्वजनिक पुस्तकालय में सुलेख एवं निबंध प्रतियोगिता का किया पुरस्कार वितरण, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये कैलाश सोनी





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय श्री सार्वजनिक पुस्तकालय द्वारा आयोजित की गई निबंध तथा सुलेख प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्रों को पुस्तकालय भवन में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य अतिथिय में किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा मौजूद रहे। वही इस मौके पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव एवं पुस्तकालय अध्यक्ष अनिल गुप्ता भी मंचासीन रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही कार्यक्रम में कैलाश सोनी एवं नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य अतिथियों का श्री सार्वजनिक पुस्तकालय समिति के पदाधिकारियों ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैलाश सोनी ने कहा कि गाडरवारा हमेशा से ही साहित्यिक विरासतों एवं उपलब्धियों के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहाँ के लोगो में अच्छे से अच्छा कार्य करने के लिए जूनून रहता है। नगर के श्री सार्वजनिक पुस्तकालय का संचालन अनेक वर्षो से निर्विवाद रूप से जारी है जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान उन्होंने सम्मानित हुए विद्यार्थियों से कहा कि वे शुद्ध लेख लिखने का अभ्यास हमेशा करते रहें। इसी प्रकार से नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने भी अपने उदबोधन में पूर्व राज्यसभा सांसद सोनी के व्यक्तिव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों एवं समर्पण से बेहतर छवि बनाई है। आज बड़े ही प्रसन्नता का विषय है कि कैलाश सोनी की उपस्थिति हम सभी के बीच हुई है। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम में आमंत्रण हेतु पुस्तकालय समिति को धन्यवाद दिया। वही साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पुस्तकालय में सभी प्रकार के साहित्यो का समावेश है। वर्षो पुरानी पुस्तकें यहाँ अभी भी उपलब्ध है। हिंदी विषय के प्रति छात्र छात्राओं में जिज्ञासा एवं लगाव हमेशा होना चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिव बसंत तपा एवं प्रतियोगिता के संयोजक नगेन्द्र त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में सुलेख एवं निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से शाला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को अतिथियों ने साहित्य एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष धनराज चौकसे, डॉ उमाशंकर दुबे, ज्ञानचंद डागा, कोषाध्यक्ष आलोक खजाँची, कन्हैया लाल यादव,कमल ठाकुर,चंद्रभान पटेल, कमल साहू, विनोद सोनी, सहसचिव शरद खजाँची, आयुष कठल आशीष राय,नेतराम श्रीवास, शिक्षक विनोद सोनी, मधुसूदन पटैल, राजेंद्र गुप्ता, विजय नामदेव, पोषराज मेहरा, दीपक गुप्ता, प्रीती सोनी सहित नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकारों के आलवा छात्र छात्रायें मौजूद थें।

**आज सप्तमी पर जगह जगह होंगे अनुष्ठान व पूजन के आयोजन**

## माँ अम्बे रानी की भक्ति में लीन हुये क्षेत्रवासी, नवरात्रि की पंचमी और षष्टमी पर अनेक जगहों पर 56 भोगों के साथ की गई माता रानी की आराधना

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस समय चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के चलते जहां संपूर्ण क्षेत्र देवी की भक्ति में लीन नजर आ रहा है। जिसके चलते बीते हुये शनिवार को पंचमी पर जहां बैमोम बारिश के चलते सड़को पर देवी दर्शन के लिये निकली हुई भीड़ को परेशानियों का सामना करते हुये देखा गया। इस पंचमी के मौके पर नगर में स्थापित देवी स्थल पर माता रानी के लिये 56 भोग लगाते हुये जहां उनकी आराधना की गई तो अनेक जगहों पर सारी रात धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये। कुछ इसी प्रकार से रविवार को भी छटवी के मौके पर अनेक प्रकार के पूजन हवन होते हुये देखे गये। क्योंकि इस साल नवरात्र के दौरान तिथि में हुये कुछ फेर बदल के चलते चौथ दो दिन होने के चलते कुछ लोगों ने पंचमी का पूजन तहां शुक्रवार को किया तो कुछ लोगों ने शनिवार को भी पंचमी मनाई गई। इस तरह पंचमी दो दिन होने के चलते कल रविवार पर देवी भक्तों द्वारा विशेष पूजन किया गया। वही आज दुर्गा सप्तमी मनाई जावेगी। वही आज सप्तमी के मौके पर देवी मंदिरों के अनेक प्रकार के आयोजनों के साथ साथ कन्या भोज के आयोजन होंगे। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में स्थापित देवी दर्शन करने वालों की भीड़ भी सड़कों पर लगातार उमड़ते हुए देखी जा रही है। वही दूसरी ओर नगर की व्यवस्थाये बनाने के लिये पुलिस की टीम मोर्चा संभालते हुये देर रात तक नगर की सड़को पर पैदल भ्रमण करते हुये देखा जा रहा है। चप्पे चप्पे पर तैनात रहते हुये असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुये है। वही दूसरी ओर जिस तरह बैमौसम बारिश के चलते बीते हुये दो दिन जो भीड़ की शुरूआत के लिये प्रमुख माने जाते है उम्मीद के अनुसार भीड़ नही निकलने के चलते ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों इन्द्रदेव व्यवस्थाये बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है। क्योंकि शांति पूर्वक संपन्न होने जा रहे नवरात्र के दौरान कुछ तत्व इस तरह से भी देखे जा रहे है जो सोशल मीडिया के माध्यम से नगर के वातावरण को दूषित करने के प्रयास में पीछे नही है। वही दूसरी ओर जिस तरह शांति समिति की बैठक में भरोसा दिलाया गया था कि रात के समय देवी दर्शन करने के लिये निकलने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नही होने दी जावेगी। मगर सड़को पर धमाचौकड़ी मचाने वाले पशुओं के झुंड के चलते देवी दर्शन करने वाले लोगों के बीच दहशत फैलाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इस तरह बीते हुये रविवार को देवी भक्तों द्वारा भगवती के षष्ठम रूप में माँ कात्यायनी का पूजन किया गया। धर्म शास्त्रों के अनुसार बताया जाता है कि शारदीय नवरात्र की गहन साधना में छठे दिन प्रकट होती हैं माँ कात्यायनी। ऋषि कात्यायन की तपस्या से जन्मी, दैत्य संहारिणी, अद्भुत तेज से दीप्त,धर्म और विजय की प्रतीक। उनकी छवि सिंह पर आरूढ़,चार भुजाओं में शस्त्र और वरद मुद्रा से सुशोभित, एक ओर करुणा, दूसरी ओर प्रचंड शक्ति युगों से यही संदेश देती है। कि मातृत्व केवल वात्सल्य नहीं,सत्य की रक्षा का संकल्प भी है। माँ कात्यायनी की आराधना में भक्त सजाते हैं भोग, शहद और मधुर फल माने जाते है। क्योंकि माँ कात्यायनी उपासना जीवन की मधुरता और समरसता का आह्वान है। भक्त जब माँ को पुष्प अर्पित करते हैं तो वे केवल श्रद्धा ही नहीं, अपना साहस और समर्पण भी चढ़ा देते हैं। आध्यात्मिक रूप से माँ कात्यायनी हैं व आत्मबल की गहन साधना। वे वह शक्ति हैं जो साधक को संशयों से मुक्त करती हैं। हृदय में निडरता का प्रकाश भरती हैं और चेतना को धर्ममार्ग की ओर मोड़ती हैं। उनकी उपासना में साधक को केवल विजय नहीं मिलती बल्कि मन का संतुलन और अन्याय का सामना करने का संकल्प मिलता है। माँ कात्यायनीके व्रत से भय का नाश, शौर्य की प्राप्ति और जीवन के संघर्षों में विजय का आशीष मिलता है। कहा जाता है कि जिन्होंने श्रद्धा से माँ कात्यायनी का ध्यान किया वे जीवन में कभी अन्याय के सामने झुके नहीं। माँ कात्यायनी की साधना से मनुष्य को अदृश्य कवच प्राप्त होता है जो न केवल शत्रु से रक्षा करता है और भीतर के संशयों को भी नष्ट करता है। वर्तमान समय में जब अधर्म और असत्य नवीन रूप धारण कर खड़े होते हैं, मगर माँ कात्यायनी की उपासना और भी प्रासंगिक हो उठती है। आज जब मनुष्य भय, छल और अन्याय से घिरा है, तब माँ का व्रत हमें सिखाता है कि साहस ही धर्म है, अन्याय के सामने मौन ही पाप है। माँ कात्यायनी आज भी वही दिव्य ऊर्जा हैं जो स्त्री के आत्मबल को जगाती हैं तथा युवाओं के भीतर विवेक का दीप जलाती हैं। वही संसार को न्याय और करुणा से संतुलित करती हैं। इसी के चलते नवरात्र के छटवे दिवस भक्तों ने आराधना करते हुये कहा कि हे माँ कात्यायनी, आपके चरणों में यह प्रार्थना है कि हमारे भीतर वह निर्भीकता जागृत कर, जिससे हम सत्य के लिए अडिग खड़े हों तथा आपकी कृपा से हम जीवन के युद्ध में केवल विजेता ही नहीं, बल्कि धर्मरक्षक भी बन सकें।









## लगातार बढ़ रही महंगाई व बेरोजगारी के चलते पेट की खातिर बच्चों को नाली के पास सुलाने मजबूर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि पेट के लिये हर व्यक्ति कोई भी कार्य करने के लिए मजबूर हो जाता है। क्योंकि लगातार बढ़ रही महंगाई तथा बेरोजगारी के चलते लोगों को अपने बच्चों का पेट पालना मुश्किल होने से नही चूक रहा है और हाल यह बना हुआ है कि वह अपने बच्चों का पेट करने के लिये कोई भी कार्य करने के लिये तत्पर रहने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान भी देखने मिली है। क्योंकि हर साल देखा जाता है कि शारदेय नवरात्र को लेकर छोटी दुकाने लगाने वालों को इस नवरात्र का काफी दिनों से इंतजार रहता है कि वह नवरात्र के दुकान शहर की सड़को पर अपनी दुकाने लगाते हुये रोजी रोटी चलाने के साथ आने वाली दीवाली की तैयारिया भी कर लेगे। बारिश के दिनों में सभी प्रकार के कार्यक्रमों पर ब्रेक से लग जाता है। इस स्थिति के बीच छोटी दुकानों के माध्यम से अपने बच्चों का पेट पालने वाले इन दुकानदारों को नवरात्री पर्व महत्वपूर्ण बनने से नही चूकता है। क्योंकि इसके भरोसे ही उनकी रोजी रोटी की उम्मेदे टिकी होती है। मगर इस वर्ष नवरात्र के दौरान जिस तरह बेमौसम बारिश अपना कहर वर्षा रही है उसका असर निश्चित ही इन छोटी दुकाने लेकर आये हुये लोगों की रोजी रोटी प्रभावित करने से नही चूक रहा है। क्योंकि नगर में स्थापित देवी प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिये रात के समय जिस प्रकार से नगर की सड़को पर जन सैलाब उमड़ रहा है। उसी के चलते नगर सहित क्षेत्र के गांवों के अनेक छोटे छोटे दुकानदार चार पैसा कमाने की सोच रखते हुए रात के समय सड़क किनारे दुकाने लगाने से नही चूक रही है? क्योंकि प्रतिवर्ष देखा जाता है कि इन दुकानदारों की उम्मीद रहती है कि नवरात्र के दौरान वह अपनी दुकानों से विक्री करते हुये बच्चों का पेट भरने तथा दीवाली की तैयारियों के चलते चंद पैसा कमा लेगे, जिसके चलते इस समय गांवों से आने वाले दुकानदारों द्वारा नगर की सड़को के किनारे दुकान लगाई जा रही है जो देर रात तक अपने मासूम बच्चों को लेकर सड़क किनारे बैठकर ग्राहकों की इंतजार करते हुये देखे जा रहे है। इन दुकानदारों के साथ आने वाले मासूम बच्चों को नीद आने के कारण वह सड़क किनारे अपनी दुकानों के पीछे ही सुला देते है जिसके चलते इन मासूम बच्चों को नालियों की मच्छरों का शिकार तो होना ही पड़ता है। मगर मासूम बच्चे मच्छरों की परवाह किये बगैर ही देर रात तक सोते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। इसे कहते है कि एक गरीब के पेट की भूख मिटाने के लिये वह कुछ भी करने के लिए मजबूर हो जाता है।

## अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी की राशि की गई पार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव थाना क्षेत्र में जहां इस समय गांव गांव शराब का अवैध कारोबार पूर्ण चरम पर दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर बीते हुये कुछ दिनों से सट्टे के कारोबार ने भी अपनी गति पकड़ ली गई है। बताया जाता है कि सट्टे के अवैध कारोबार को पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते ग्राम कल्याणपुर सहित अनेक गांवों में खुलेआम सट्टा पट्टी काटते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। इस तरह डोगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत फलफूल रही सट्टा सहित अन्य अवैध कारोबार का परिणाम है कि चोरी सहित अन्य प्रकार के अपराध जन्म लेते हुये देखे जा रहे है। हाल यह बना हुआ है कि आरोपियों द्वारा अब भगवान के मंदिरों को भी नही छोड़ा जा रहा है। इस बात की सच्चाई बीते हुये शक्तिधाम मंदिर की पेटी से पार किये गये रूपयों ने उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी है। बताया जहां है कि ग्राम कल्याणपुर शक्तिधाम मंदिर में बीते हुये किसी अज्ञात चोर द्वारा शटर का ताला तोड़ते हुये अज्ञा चोर द्वारा मंदिर के अंदर लगी हुई दान पेटी में रखे हुये लगभग आठ नौ हजार रूपया पार कर लिये गये है। घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया गया है। मगर इस समय जिस तरह से डोगरगांव पुलिस थाना क्षेत्र में जिस तरह सट्टे के अवैध कारोबार में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उसने पुलिस की उदासीनता को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## एनटीपीसी में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार तहत किया रक्तदान शिविर का आयोजन





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** संरक्षिका परिवार ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के बैनर तले एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एनटीपीसी में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर डॉ. प्रिंसी त्यागी के कुशल मार्ग दर्शन में जीवन ज्योति अस्पताल की एक समर्पित टीम के साथ आयोजित किया गया था। इस मौके पर रक्त हीमोग्लोबिन की त्वरित जाँच।आहार और पोषण योजना के बारे में जागरूकता।एनीमिया के बारे में जागरूकता।बाल स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता लाते हुये गुड़ और कच्चे चने का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में श्रीमती शालिनी पांडे (अध्यक्ष, संरक्षिका), श्रीमती सरोज पडियार और श्रीमती निशा पचोरी के नेतृत्व में शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई, जिसमें स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति सभी सदस्यों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुये प्रतिभागियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया और उसके बाद आवश्यक दवाओं के साथ आयरन सप्लीमेंट वितरित किए गए। इस मौके पर डॉ. प्रिंसी त्यागी ने अपने संबोधन में आज की व्यस्त जीवन शैली में स्वास्थ्य बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया। एसआई/कार्य सरिता मरकाम ने बहुत उत्साहजनक संख्या में संरक्षिका सदस्यों और बच्चों की मेजबानी करते हुये उन्होनें इस स्वास्थ्य शिविर में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वही आयोजन के दूसरे दिवस यानि की रविवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान **CISF** यूनिट **GSTPP** गाडरवारा ने जीवन ज्योति हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान चौधरी शंकरलाल दुबे जिला अस्पताल, नरसिंहपुर का ब्लड सेंटर भी सहयोगी रहा। रक्तदान शिविर की शुरुआत चिकित्सकों और स्टाफ का स्वागत कर पुष्पगुच्छ भेंट करने से हुई। इस अवसर पर डॉ. प्रिंसी त्यागी, डॉ. उमेद फिरदौसी और डॉ. महिपाल सैनी का सम्मान किया गया। **CISF** डिप्टी कमांडेंट एवं यूनिट कमांडर श्रेय कुमार पांडेय ने रक्तदान के महत्व और समाज में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। वही इस मौके पर रतन सिंह पडियार सह. कमांडेंट, कृष्ण कुमार पचौरी सह. कमांडेंट और अस्पताल स्टाफ एवं अन्य बल सदस्य उपस्थित थे। शिविर में कुल 22 **CISF** कर्मियों और 5 नागरिकों ने रक्तदान किया जिनको प्रशंसा पत्र और रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।


बारहाबड़ा के शनिचारा बाजार में स्थापित प्रतिमा

## नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने माँ कत्यायनी की की पूजन अर्चन करते हुये मांगा खुशहाली का वरदान



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस समय चल रहे शारदेय नवरात्र के दौरान जहां चारो ओर लोग मातारानी की आराधना में लीन नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर जा रहा है कि सुबह से ही महिलाये मंदिरों पर पहुंचकर माँ जगत जननी को जल ढारने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही शाम के वक्त होने वाली माँ जगदम्बे की आरती में लोगों की भीड़ उमड़ने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर समीपस्थ ग्राम सहावन में विराजी अपनी पलट झपका कर अपनी भक्तों की जिन्दगी को खुशहाल बनाने वाली माँ की प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इस तरह नवरात्रि में छठे दिन भक्तों ने माँ जगत जननी की मां कात्यायनी के रूप में पूजन अर्जन किया गया। बताया जाता है कि नवरात्र के छटवे दिवस माँ कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती पराम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की और उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं, ये वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी, इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है, ये स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है और इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है तथा उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना करने से परम पद की प्राप्ति होती है। इसी के चलते बीते हुये रविवार को भक्तों ने बडी ही श्रद्धा के साथ मातारानी के कात्यायनी रूप का पूजन करते हुये सुख समृद्वि का बरदान मांगा गया।

## सालीचौका स्टेन्ड पर आटो चालकों से अवैध वसूली को लेकर उप पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

नगर सहित क्षेत्र के आसपास गांवों के आटों चालकों द्वारा बीते हुये दिवस अहिरवार समाज संघ के बेनत तले उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा को एक ज्ञापन सौपते हुये तत्वों द्वारा आटों चालको से अवैध बसूली किये जाने का आरोप लगाया गया है। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हम सालीचौका के आसपास आटो चलाते हुये अपना जीवन यापन कर रहे है। मगर यहां के बस स्टेन्ड तथा पौड़ार तिरहा पर अजीत कमल धोबी, कपिल अग्रवाल तथा संतोष राय सालीचौका रैलवे बस स्टेन्ड पर हमसे अवैध रूप से बसूली कर रहे है। जबकि दोनों बस स्टेन्ड की दूरी मात्र 4 किलोमीटर है इसके बाद भी इनके एजेन्ट हमसे दोनों स्टैन्डों पर बसूली करते है। हमारे द्वारा पैसा न देने पर गाली देते हुये झगडा करने के लिये उतारू हो जाते है तथा आटों नही चलाने देने की धमकी देते है। इस तरह हम लोग गरीब होने के साथ साथ इस महंगाई के दौर में मुश्किलों के बीच आटों की किस्ते भरते हुये अपने बच्चों का भरण पोषण कर रहे है। मगर इन लोगों द्वारा की जाने वाली अवैध बसूली से परेशान हो रहे है। इस संबंध में सालीचौका पुलिस चौकी में भी पहले शिकायत की गई। मगर इन लोगों के खिलाफ किसी तरह से सख्त कार्यवाही नही होने के चलते इनके हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता कार्यक्रम में डीआईजी शहडोल ने की शिरकत



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर "मैं हूं अभिमन्यु-3" जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रविवार की दोपहर पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेन्ज, शहडोल सुश्री सविता सोहाने द्वारा अनूपपुर नगर में सामतपुर तालाब परिसर में चल रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आजीविका फ्रेश मेला के कार्यक्रम स्थल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीआईजी शहडोल रेन्ज सुश्री सविता सोहाने द्वारा महिलाओ के प्रति सहयोग, सम्मान एवं समानता लाये जाने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे मैं हूं अभिमन्यु जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई। जिसमें लिंग भेद, अशिक्षा, भ्रूण हत्या, असंवेदनशीलता, अश्लीलता रूढ़ीवादिता, दहेज एवं नशा जैसी सामाजिक बुराईयो के चक्रव्यू को तोड़ने के लिए समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को अभिमन्यू बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जगन्नाथ मरकाम, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, टी.आई. कोतवाली, महिला थाना प्रभारी राकेश उइके, महिला थाना एवं कोतवाली थाना का पुलिस बल उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अजय जैन, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डाक्टर कौशलेन्द्र सिहं, माता सबुरी कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर की प्राचार्या डाक्टर प्रमिला पाण्डेय शामिल हुए। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन द्वारा चल रहे आजीविका फ्रेश मेला में उपस्थित महिलाओं माता सबुरी कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर की छात्राओं एवं शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर की छात्राओ को महिला हेल्पलाईन नम्बर 1090, चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098, पुलिस हेल्प लाईन नम्बर 112, सायबर हेल्पलाईन नम्बर 1098, राष्ट्रीय महिला आयोग नम्बर 7827170170 के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नो का डीआईजी शहडोल रेन्ज सुश्री सविता सोहाने ने उत्तर देते हुए समाज में महिलाओं की सुरक्षा हेतु सहयोग, सम्मान एवं समानता की भावना विकसित किये जाने की बात कही है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर भूमि विस्थापितों को मिलेगा रोजगार



**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच (मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति प्रभु दत्त गुरु) के आदेश के परिपालन में भूमि विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में कोयलांचल प्रभावित रोजगार पुनर्वास कृषक कल्याण मंच के बैनर तले किसानों का प्रतिनिधिमंडल एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक को अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक, बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वसुदेव, वरिष्ठ समाजसेवी लाल प्रभाकर सिंह, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष रजन कुमार राठौर सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया कि उच्च न्यायालय ने 2 अगस्त 2025 को जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि एसईसीएल को मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति-1991 के तहत भूमि विस्थापितों को प्रत्येक खाते में रोजगार देना अनिवार्य होगा। अदालत ने माना कि भूमि देने वालों का पुनर्वास एवं रोजगार पाने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का तार्किक परिणाम है। इस अधिकार से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन होगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि एसईसीएल को आदेश की प्रति मिलने के 45 दिनों के भीतर प्रभावितों के मामलों पर निर्णय लेना होगा। फैसले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों का भी हवाला दिया गया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि 1991 की नीति और कोल इंडिया लिमिटेड की 2008-12 नीति के अनुरूप भूमि खोने वाले किसानों को रोजगार प्रदान किया जाना चाहिए। इस आदेश का प्रभाव मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों के एसईसीएल खदान क्षेत्रों पर पड़ेगा। प्रभावित किसानों ने एसईसीएल प्रबंधन से अपील की है कि आदेश का पालन करते हुए सभी पात्र परिवारों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी प्रकार का तनाव या अशांति का वातावरण निर्मित न हो।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सेवा पर्व उत्सवः वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**गोरखपुर** -डिंडौरी। केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिले में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गाड़ासरई-वन परिक्षेत्र पश्चिम करंजिया सा. केम्पस में शनिवार को "मेरा परिसर मेरा अभियान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम डिंडौरी वन मंडल अधिकारी श्री पुनीत सोनकर तथा उपवन मंडल अधिकारी श्री सुरेंद्र सिंह जाटव के निर्देशन में संपन्न हुआ। मौके पर वन परिक्षेत्राधिकारी पश्चिम करंजिया सा. श्री एच.एल. सनोडिया एवं वन परिक्षेत्राधिकारी काष्ठागार गाड़ासरई श्री ए.के. सिंह के नेतृत्व में परिसर की स्वच्छता और वृक्षारोपण कार्य किए गए।



### परिसर में चला स्वच्छता अभियान

सेवा पर्व उत्सव एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 27 सितंबर को गाड़ासरई वन परिसर एवं आवासीय क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कर्मचारियों ने झाड़ू और खरेटा लगाकर कचरा, पेड़ों से गिरे सूखे पत्ते, प्लास्टिक, पॉलीथिन और कागज के टुकड़े एकत्र किए और निर्धारित डस्टबिन में डाला।अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न केवल कार्यस्थल और आवासीय परिसर को स्वच्छ रखना है बल्कि स्थानीय नागरिकों और समितियों को भी स्वच्छता के महत्व से जोड़ना है। इस अवसर पर सफाई अभियान के पहले और बाद की तस्वीरें भी ली गईं, जिन्हें भविष्य में दस्तावेज़ीकरण और जनजागरूकता के लिए उपयोग किया जाएगा।

### पौधरोपण से सजा वन परिसर

स्वच्छता अभियान के बाद परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें कटहल, अमरूद, आंवला और अन्य छायादार प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अधिकारियों का कहना है कि इन पौधों से आने वाले समय में न केवल हरियाली और छाया मिलेगी, बल्कि स्थानीय जैव-विविधता और पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी।वन परिक्षेत्राधिकारी एच.एल. सनोडिया ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक औपचारिक अभियान नहीं है, बल्कि यह जनभागीदारी से जुड़े एक सतत प्रयास का हिस्सा है। "हम चाहते हैं कि कर्मचारी, समिति सदस्य और आम नागरिक भी अपने-अपने घर और कार्यस्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की आदत विकसित करें।"

### सेवा पखवाड़ाः स्वच्छता और सेवा का संगम

सेवा पखवाड़ा अभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी जयंती (2 अक्टूबर) से जोड़ते हुए स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देना है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों और संस्थानों में स्वच्छता, जन-जागरूकता और सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।वन विभाग का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है बल्कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए "स्वच्छ भारत मिशन" और "हरित भारत" के संकल्प को भी आगे बढ़ाता है।

### कर्मचारियों और समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी

इस अभियान में गाड़ासरई वन परिसर के सभी कर्मचारी और समिति सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर परिसर की सफाई की और पौधरोपण किया। कर्मचारियों ने शपथ ली कि आने वाले समय में भी परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा रखने की जिम्मेदारी सभी मिलकर निभाएंगे।वन परिक्षेत्राधिकारी ए.के. सिंह ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब इसे केवल सरकारी गतिविधि न मानकर प्रत्येक कर्मचारी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे आएं।

# प्राकृतिक खेती मृदा एवं मानव स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण

**डिंडोरी।** ज्ञात हो कि कृषि विज्ञान केन्द्र डिंडोरी के स्वामी विवेकानंद सभागार में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती पर कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 से 29 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है । इसी क्रम में आज कृषि सखियों ने प्रक्षेत्र पर मास्टर ट्रेनर डॉक्टर गीता सिंह एवं श्री अवधेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में बीजामृत एवं जीवामृत प्रायोगिक रूप से स्वयं तैयार किया। बीजामृत का उपयोग बीज उपचार हेतु किया जाता है एवं जीवामृत का उपयोग फसलों में वृद्धिवर्धक टॉनिक की तरह उपयोग किया जाता है। 100 किलोग्राम बीज को उपचारित करने हेतू बीजामृत बनाने के लिए 5 किलोग्राम देसी गाय का गोबर, 5 लीटर गौमूत्र, 50 ग्राम खाने का चूना, 500 ग्राम खेत की मिट्टी, एवं 20 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इन सभी पदार्थों को पानी में घोलकर 24 घंटे तक रखना है । इसे दिन में दो बार लकड़ी के डंडे से घड़ी की सुई की दिशा में घुमाना है । बीजों के ऊपर बीजामृत को छिड़ककर या बीज को बीजामृत में डुबोकर उपचारित कर सुखाकर बुवाई करनी है । प्रशिक्षण के दौरान श्री अवधेश पटेल ने पशुधन के समन्वयन से



प्राकृतिक खेती की अवधारणा, सिद्धांत अभ्यास एवं सभी प्रकार के बीजों की जानकारी, पौध सामग्री, बीज उपचार और बीज एवं पौध रोपण की विधियां के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। श्रीमति रेनू पाठक ने स्वास्थ्य एवं सफाई संबंधी विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। डॉ मनीषा श्याम ने फसल विविधीकरण एवं उन्नत किस्मों की जानकारी दी। डा गीता सिंह ने कृषि सखियों को मृदा परीक्षण की विधि, नमूना एकत्रीकरण, केंचुआ खाद उत्पादन जैविक विधियों से फसलों के कीट एवं रोगों के निवारण हेतू ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र, अग्नि अस्त्र बनाने की विधि एवं उपयोग का तरीका बताया। डॉ गीता सिंह ने कृषि की मुख्य समस्या चूहा एवं दीमक नियंत्रण हेतू कई आसान उपाय बताए। अंत में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने उत्साह से भाग लिया विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# मानिकपुर मंडल में सुना गया प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात'

**शहपुरा** - मानिकपुर मंडल अन्तर्गत सभी बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सीधा प्रसारण बड़े उत्साह के साथ सुना गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री जी के विचारों और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और आत्मसात किया। इसी क्रम में बूथ क्रमांक 02 मोहरा कला में भी विशेष आयोजन किया गया। यहां महिला प्रभारी श्याम बाई विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष फूलचंद झारिया और ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व में ग्राम की महिलाओं को एकत्र किया गया। सभी को सामूहिक रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुनाया गया।

ग्राम की महिलाओं ने प्रधानमंत्री जी के संदेशों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता और एकता को मजबूत करते हैं। महिला प्रभारी श्याम बाई विश्वकर्मा ने बताया कि बूथ स्तर पर लोगों को जोड़ना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, जिससे समाज के हर वर्ग तक प्रधानमंत्री की बात पहुंच सके।

ओम प्रकाश यादव ने कहा कि ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया और यह साबित किया कि मोदी जी का संदेश हर बूथ तक, हर घर तक पहुंच रहा है। वहीं उपाध्यक्ष फूलचंद झारिया ने कहा कि ऐसे आयोजन से ग्रामीणों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होता है। मानिकपुर मंडल का यह सामूहिक प्रयास लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



# मेहदवानी में चार दुकानों के ताले टूटे, नगदी व खाद्य सामग्री चोरी



**शहपुरा**- जिले के विकासखंड मुख्यालय मेहदवानी से शनिवार देर रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाकर ताले तोड़े और सामान पार कर दिया।जानकारी के अनुसार जिन दुकानों में चोरी हुई है, उनमें से कुछ से नगदी और कुछ से खाने-पीने की सामग्री चुराई गई है। घटना के बाद से व्यापारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। अचानक हुई इस वारदात ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूचना मिलते ही मेहदवानी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की है। फिलहाल अज्ञात चोरों की तलाश में पुलिस की टीम सक्रिय है। व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित गश्त न होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से रात में सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी बढ़ाने की मांग की है।

# वन परिक्षेत्र बजाग कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

### दुर्लभ और विलुप्त औषधीय गुणों से भरपूर पौधों का वृक्षारोपण

**डिंडौरी।** मण्डल अधिकारी डिंडोरी सामान्य, पुनीत सोनकर सर एवं उप वनमंडल अधिकारी गाड़ासरई, सुरेंद्र जाटव के दिशा निर्देशन मे वन परिक्षेत्र बजाग सामान्य अंतर्गत सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा पर्व का आयोजन किया गया जिस अवसर पर वन परिक्षेत्र बजाग सामान्य कार्यालय परिसर मे साफ सफाई अभियान चला कर पौधरोपण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों कि उपस्तिथि में संपन्न किया गया। प्रशासन और जन प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन की वृक्षारोपण योजनाओं और सेवा पर्व उत्सव के प्रति जागरूक किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम मे विशेष रूप से संकटापन्न लुप्तप्राय प्रजाति (RET प्रजाति) को बढ़ावा देने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। पौधों मे सर्पगंधा, कुम्भी, गरुण, शतावर, ब्राम्ही, बच, बीजा, कर्कट, श्यामा हल्दी, वन अदरक आदि को रोपित किया गया। ज्ञात हो कि सर्पगंधा – हाई BP और मानसिक शांति, कुम्भी – घाव और पाचन, गरुण – श्वसन और त्वचा रोग, शतावर – प्रजनन और रोग प्रतिरोधक, ब्राम्ही – दिमाग और स्मृति, बच – पाचन और श्वसन, बीजा – डायबिटीज, वन अदरक – दर्द और सर्दी-खाँसी, श्यामा हल्दी – दमा, दर्द, त्वचा रोग, कर्कट – पाचन और घाव में उपयोगी बहुमूल्य पौधे लगाये गये है। इन पौधों से लोग आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आपकों बता दें कि डिंडोरी जिले का बजाग अंचल में जड़ी बूटियों की विशेष प्रजातियां मिलती है जिससे अनेक लोगों से फायदा मिलता है वहीं अनेक प्रजातियां विलुप्त होती जा रही है जिसके चलते वन परिक्षेत्र अधिकारी हर्षित सक्सेना ने एक पहल की है जिसके तहत लगतार एक मुहिम के तहत औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया जा रहा है। हर्षित सक्सेना, वन परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा औषधीय पौधों का वृक्षारोपण कर इनका लगातार विस्तार किया जाएगा जिससे क्षेत्र में औषधीय पौधों से अनेक बीमारियों का उपचार किया जा सकेगा ।



# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अध्यापकों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**डिंडोरी।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सैकड़ों अध्यापकों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए एकजुटता का संकल्प लिया।बैठक का मुख्य एजेंडा प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना को लेकर प्रदेश स्तर पर शांतिपूर्ण आंदोलन की रूपरेखा तैयार करना था। साथ ही आगामी माह में भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन व 2 नवंबर 2025 को जबलपुर में होने वाले संभागीय सम्मेलन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। सम्मेलन में प्रत्येक ब्लॉक से सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।



जिला अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित ने सभी शिक्षकों से पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए 'पहले कर्तव्य, फिर अधिकार' की भावना को अपनाने का आह्वान किया। स्थानीय स्तर पर अध्यापकों की समस्याओं के निराकरण हेतु ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित आवेदन देने पर सहमति बनी। यदि समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो जिला कार्यकारिणी स्वयं संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर निराकरण का प्रयास करेगी।बैठक में ई-अटेंडेंस का समर्थन किया गया, साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि नेटवर्क या अन्य तकनीकी कारणों से यदि उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती है, तो ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारीगण को संघ के माध्यम से अवगत कराया जाएगा और किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा।बैठक में जिला सचिव भान सिंह बिलागर, ब्लॉक अध्यक्ष पूरन लाल साहू, सुनील कुमार शुक्ला, मधु दीप उपाध्याय, प्राचार्य रामविशाल मिथलेश, प्राचार्य हंसकुमार गवले, पवन कुमार साहू, श्रीमती विमला परस्ते, श्रीमती दीपमाला गुप्ता, सूर्यकला सीहोरे, राजेश्वरी तेकाम, पार्वती बाई सरठिया, सविता सोनी, इंदल यादव, इकलाख हुसैन, सुदामा लाल बरोतिया, जितेंद्र दीक्षित सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिकल सेल एनीमिया एवं स्वच्छता जागरूकता स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया एवं स्वच्छता जागरूकता स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बबीता मरावी, नर्सिंग ऑफिसर के माध्यम से सिकल सेल एनीमिया की लक्षण, समस्याएं एवं उनके उपायों के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की गई। क्योंकि इस बीमारी से रोगी के शरीर में ऑक्सीजन की कमी, थकान, घबराहट आदि लक्षण होते हैं। इस प्रकार की लक्षण हो तो बिना देरी किए डॉक्टर से उपचार संबंधी दिशानिर्देश अवश्य प्राप्त कर लेने की आवश्यकता हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक महिला पुरुषों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। महाविद्यालय का स्टाफ ने भी स्वास्थ्य के लिए सभी प्रकार के पौष्टिक आहार, खान-पान, उपचार आदि का समय सीमा में करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. निगहत खान, हुस्नआरा अंसारी, समीर धुर्वे, सहज सिंह मरावी, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




### नवरात्र के दौरान लापरवाही पर नपे फुनगा चौकी प्रभारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान ने फुनगा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनुराग अवस्थी को निलंबित कर रक्षित केंद्र अनूपपुर भेज दिया है। श्री अवस्थी आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था की जांच के दौरान चौकी पर अनुपस्थित पाये गये थे। यह कार्रवाई 26 सितंबर को थाना क्षेत्रों के आकस्मिक भ्रमण के दौरान की गई। निरीक्षण के दौरान फुनगा चौकी पर उप निरीक्षक अवस्थी अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। जारी आदेश में कहा गया है कि संवेदनशील त्योहारों के अवसर पर थाना या चौकी प्रभारी का अपने क्षेत्र में उपस्थित न होना, कर्तव्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता दर्शाता है। इस लापरवाही के चलते उप निरीक्षक अनुराग अवस्थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र अनूपपुर मे संबद्ध किया गया है।




# नगर पालिका में कचरा प्रबंधन फेल, नपा के खिलाफ उग्र हुये लोग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

अनूपपुर में स्वच्छता अभियान के दावों की पोल खुल गई है। जिला मुख्यालय की नगर पालिका अनूपपुर की ओर से करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया गया कचरा प्रबंधन केंद्र बंद पड़ा है, जिसके कारण शहर में खुले में कूड़ा फेंका जा रहा है। इससे बीमारी और प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। शहर का रीसाइकलिंग प्लांट और सेप्टी टैंक ट्रीटमेंट प्लांट भी बंद है। खुले में गंदगी, बदबू और सड़े हुए पशुओं के शव पड़े हैं। अस्पतालों का बायो मेडिकल वेस्ट भी बिना किसी प्रक्रिया के यहीं फेंका जा रहा है। यहीं गंदा पानी बहकर तिपान नदी में जा रहा है। इससे नदी से पानी को फिल्टर कर शहर को पीने के लिए दिया जाता है, जिससे शहरवासियों को दूषित पानी मिलने का खतरा है। पूरा इलाका रिहायशी है, जहां नवरात्रि के पंडाल लगे हैं और छात्रावास में रहने वाली छात्राएं रोज इसी रास्ते से गुजरती हैं। इसके बावजूद, सुरक्षा और स्वच्छता की जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है। हालात से तंग आकर स्थानीय जनता ने खुद कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कचरा फेंकने वाली गाड़ियों को रोक दिया और नगर पालिका के खिलाफ खुला विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।



## खबर संक्षेप

### महाआरती का हुआ आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस सर्व ब्राह्मण महिला परिषद द्वारा महाआरती सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद और राष्ट्रीय जागृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में पंचमी पर बरगदी हनुमान जी, पी.डब्लू. ऑफिस के पास महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 51 किलो का हलवा एवं 11 दर्जन केलो का प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान सुहागनों को चूड़ी बिंदी एवं सुहाग की सामग्री दी गई। उक्त मौके पर संगठन जिलाध्यक्ष विवेक पांडे सहित बड़ी संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

### जमा कराई गई बकाया विद्युत राशि



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस संचा संधा संभाग अंतर्गत डांगीढाना विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत मुंगवानी मुख्यालय के पंजरा ग्राम में 2023 के बकायदार ओर डीएल उपभोक्ताओं के शिविर का आयोजन किया। शिविर में 50 उपभोक्ताओं की राशि 78 हजार बकाया पर 20 उपभोक्ता से 23 हजार रुपए की राशि जमा करवाई गई। शिविर में ग्राम प्रधान ओर ऊर्जा विभाग के डांगीढाना वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव और मुख्यालय प्रभारी रामकलेश विश्वकर्मा , परीक्षण सहायक अशोक कुमार, अर्जुन ठाकुर, मीटर रीडर निलेश ओर ग्रामीण उपस्थित रहे। विदित हो कि म. प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता का सख्त निर्देश है कि विगत 3 वर्षों ओर डीएल उपभोक्ताओं पर राशि जमा करवाने हेतु लगातार अभियान चलाया जाए।

### याद की गई लता मंगेशकर



**नरसिंहपुर।** आनंदम् म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भारत कोकिला सुश्री लता मंगेशकर को जयंती पर स्वारांजलि अर्पित की गयी। स्वारांजलि के कार्यक्रम में विजय पटेल, भागीरथ विश्वकर्मा, विकाश हार्दिक नेमा, मनीष नेमा, मुकेश शर्मा, माधव सेंद्रे, विश्वनाथ ठाकुर, ब्रजेश विश्वकर्मा, अरविंद पाठक, सुभाष सराठे, सुरेंद्र स्थापक, हरिओम शर्मा, मातृ शक्ति में भारती, नीलू, सुनीता, मनीषा, सीमा दीक्षित ने लता जी के गीत गाकर सुश्री लता को अपनी स्वारांजलि अर्पित की। अनिल नेमा ने आभार व्यक्त किया गया।

### विधायक ने किया 55 साइकिलों का वितरण

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में शासन द्वारा छोटे छोटे बच्चों को आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा 55 छात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया।

## प्रशासक द्वारा मांगी जा रही 5 हजार रुपए की राशि

# चार वर्षों से किसानों को किया जा रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





सरकार द्वारा किसानों को खुशहाल बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। योजनाओं के संचालन का लक्ष्य है कि किसान को किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े लेकिन धरातल मे ऐस नही है। सरकार की योजनाओं पर अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पलीता लगाने के लिए तुले हुए है। जिले के अनेकों किसान प्रशासन के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के कारण परेशान बने हुए है ऐसा ही मामला सामने आया जिसमें किसान द्वारा कलेक्टर के नाम शिकायत की गई।

### मामला इस प्रकार

चंदपुरा निवासी किसान शारदा सेन द्वारा कलेक्टर के नाम दी गई शिकायत मे बताया गया है कि वर्ष 2018-19 में 7.50 क्विंटल मसूर बेची थी। जिसकी राशि 31875 रूपए का भुगतान होना था। मार्च 2021 राशि खाते में डाली गई लेकिन किसी कारण वस राशि खाते से वापस हो गई। कागजी प्रक्रिया को पूर्ण कर अभी तक राशि नही डाली गई। बीते चार वर्ष से अनेकों बार कार्यालय के चक्कर लगा चुका हूं। प्रबंधक द्वारा कहा जाता है कि प्रशासक द्वारा राशि डाली जावेगी और अभी प्रशासक नही है गोटेगांव जाते है गुरूवार शुक्रवार को मिलेगे। ऐसा कई बार हो चुका है। समिति के चक्कर लगा कर परेशान हो रहा हूँ। उक्त संबंध में समिति के प्रशासक संजय दुबे से मुलाकात की तो उनके द्वारा पैसे डालने के एवज मे 5 हजार रूपए की राशि की मांग की जा रही है।

### प्रशासक ने मांगी रिश्वत

किसान द्वारा कलेक्टर के नाम की गई शिकायत मे बताया गया है कि समर्थन मूल्य पर बेची गई। मसूर की फसल का भुगतान चार वर्षो से अटका हुआ है जिसके एवज मे प्रशासक द्वारा पांच हजार रूपए की राशि का मांग की जा रही है जिसे लेकर किसान द्वारा शिकायत की गई लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की गई। प्रशासन को चाहिए की ऐसे कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई कर उन्हे पद से पृथक किया जाए जिससे शासन की योजनाएं सही ढंग से चल सके और लोगों का विश्वास प्रशासन की व्यवस्था तथा प्रशासनिक अधिकारियों पर बना रहे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा किसान

कलेक्टर के नाम दिए गए आवेदन मे किसान द्वारा बताया गया है कि समर्थन मूल्य पर की गई फसल विक्रय का भुगतान ना होने से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। वही प्रशासक द्वारा अवैध राशि की मांग की जा रही है। जिसे देने मे किसान सक्षम नही है। किसान द्वारा कलेक्टर से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई ना की जाना संदेहों को जन्म दे रहा है। ऐसी स्थिति में ही लोगों द्वारा कहा जाता है कि उच्च अधिकारी भी चाहते है कि शासकीय कर्मचारियों को अवैध राशि मिले और लोग परेशान बने रहे। उक्त संबंध में अधिकारी जबाब देने से बच रहे है।

# अवैध शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया

गोटेगांव



विगत दिवस थाना गोटेगांव क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन ईगल क्लॉ के अंतर्गत गोटेगांव पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रभावी कार्यवाही की गई।दिनांक 27-28.09.25 की रात्रि में शारदीय नवरात्र भ्रमण ड्युरी दौरान मुखिबर की सूचना पर ग्राम नगवारा से झिरी रोड पर एक सफेद रंग की न्यु बोलेरो चार पहिया वाहन क्रमांक MP21ZA7174 से आरोपीगण 1. अनिल पिता जगदीश ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम झोतेश्वर थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, 2. महेन्द्र पिता बसौरीलाल ठाकुर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम दरगढा थाना धूमा जिला सिवनी के कब्जे से 07 पेटी (350 पावं) देशी मंदिरा मसाला शराब, 04 पेटी (200 पाव) अग्रेजी गोवा शराब, रोयल स्टेग अग्रेजी शराब की एक पेटी कुल 106.5 लीटर अवैध शराब जुमला कीमत 100000/- रूपये (एक लाख रूपये) एवं घटना मे प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन क्रमांक MP21ZA7174 कीमती 10 लाख रूपये जप्त किया गया है।उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया, एसडीओपी अनुविभाग गोटेगांव मनीष त्रिपाठी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी गोटेगांव निरीक्षक प्रदीप सराफ, चौकी प्रभारी झोतेश्वर उप निरीक्षक दिलीप सिंह, उपनिरीक्षक ऋषिराज रजक, सउनि सुरेश धुर्वे, प्र.आर. 21 धर्मेन्द्र झारिया, आर. 712 सुमित जखमोला, आर. 166 सुनील शर्मा, आर. 648 ऋषभ, आर. 713 रवेन्द्र सिंह, आर. चालाक 566 अमित नामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनएसएस की उपादेयता पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्तमान समय में उपादेयता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर शोभाराम मेहरा कार्यक्रम समन्वयक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रामता प्रसाद आम्रवंशी पूर्व कार्यक्रम अधिकारी पीजी कॉलेज नरसिंहपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के तैलीय चित्र पर पुष्प माला के अर्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। एनएसएस प्रभारी राजकुमार लोधी ने एन एस एस के छात्रों को उनसे कर्तव्यों से परिचित कराया। इसके पश्चात प्राचार्य जीएस पटेल द्वारा बताया गया कि दे के मोनो के चक्र में आठ तीलियाँ हमें चौबीसो घंटे सेवा हेतु तत्पर रहने की याद दिलाता है। तत्पश्चात डॉक्टर रामता प्रसाद आम्रबंसी द्वारा बताया कि एनएसएस का छात्र जीवन में लीडर शिप का गुण विकसित करने में विशेष योगदान होता है। इसके पश्चात डॉक्टर शोभाराम मेहरा द्वारा बताया गया कि दे व्यक्तित्व विकास का एक माध्यम होता है साथ ही उन्होंने एनएसएस गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत अतिथियों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर रामनरेश रावत, श्रीमती प्रीति पाराशर, ए आर राव, प्रमेश कौरव, श्रीमती गीता विश्वकर्मा, श्रीमती प्रतीक्षा सोनी, पंकज उमरे, दीपेश साहू उपस्थित रहे। मंच संचालन एनएसएस स्वयंसेवक छात्र अर्पित यादव ने किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार श्रीमती गुलशन उस्मानी कार्यक्रम अधिकारी दे छात्रा इकाई द्वारा व्यक्त किया गया।

# जिले की 66 प्राथमिक शालाओं में हुआ सर्वे




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले की 66 प्राथमिक शालाओं में कक्षा दूसरी व तीसरी पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा के शुरूआती चरणों में उनके सीखने की गति को मापने, बुनियादी आक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान सर्वे का आयोजन किया गया। जिले की वनवित 66 प्राथमिक शालाओं के कक्षा तीसरी के 668 में से 562 एवं कक्षा चैथी में 880 में से 762 छात्र- छात्राओं ने सर्वे में सहभागिता की। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि कक्षा दूसरी और तीसरी का मार्च 2025 को आयोजित होने वाला बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान सर्वे वर्तमान की कक्षा तीसरी और चैथी को दूसरी और तीसरी मानते हुए फील्ड इन्वेस्टिगेटर डाइट के छात्राध्यापक द्वारा 25 सितम्बर को विकासखंड चीचली एवं चांवरपाठा की 23 शालाओं, 26 सितंबर को विकासखंड नरसिंहपुर व विकासखंड सांईखेड़ा की 24 शालाओं एवं 27 सितंबर को विकासखंड गोटेगांव व विकासखंड करेली की 19 शालाओं में सर्वे कार्य किया गया। बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता ज्ञान सर्वेक्षण 2025 के प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता जीएल उप्रेलिया ने बताया कि सर्वे कार्य पूर्व डाइट के 186 छात्राध्यापक एवं रिजर्व दल को फील्ड इन्वेस्टिगेटर के दायित्व दिया गया था। उन्हें हिंदी, गणित व अंग्रेजी विषय के निर्धारित टूल्स के अनुसार मास्टर ट्रेजर द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। विधिवत 31 रूट तैयार कर रूट प्रभारी एवं बस प्रभारी के साथ जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वाना किया गया। बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान सर्वे के दौरान विकासखंड चीचली, चांवरपाठा, नरसिंहपुर, सांईखेड़ा, गोटेगाव व करेली की चयनित प्राथमिक शालाओं में कक्षा तीसरी एवं कक्षा चैथी में दर्ज बच्चों ने सहभागिता की। इस दौरान विकासखंड स्तर कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिला स्तरीय निरीक्षण दल से डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे, वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती श्रद्धा शुक्ला, डॉ. अलका शर्मा, एसके शर्मा, गोविंद बड़कुर, आनंद शर्मा, लाडान उप्रेलिया, एपीसी समीर त्यागी, बीएसी, जनशिक्षक, मास्टर ट्रेनर आदि द्वारा सर्वे वाली शालाओं का निरीक्षण्या कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



# गोटेगांव में भव्य डांडिया महोत्सव संपन्न

**गोटेगांव नरसिंहपुर** सर्व ब्राह्मण सभा महिला संगठन के द्वारा आस्था गार्डन गोटेगांव में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। मौसम की प्रतिकूलता के बाद भी हजारों की संख्या में मातृशक्ति ने उपस्थित होकर मां जगतजननी की आराधना गरबा नृत्य के साथ की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति मालती पांडे, श्री मति विनीता नागेश, श्रीमती अंजू खरया, डॉ रजनी सिंह, श्री मति निशा बरडिया जी सांची जैन, मीना तिवारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें पुरस्कार वितरण श्री मति रितु खरया के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजन सामाजिक सद्भावना और हिन्दू एकता का प्रतीक बना जिसमें बगैर जाति भेद के हजारों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत में सर्व ब्राह्मण सभा महिला संगठन की अध्यक्षा श्री मति प्रभा दुबे जी द्वारा सभी सहयोगियों, प्रशासन एवं मातृशक्ति का आभार प्रकट किया गया।

# 64 साल का हो गया तेंदूखेड़ा का दुर्गोत्सव शक्ति की भक्ति में डूबा समूचा क्षेत्र







तेंदूखेड़ा





शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व समूचे क्षेत्र में मौसम की प्रतिकूलता के चलते आस्था भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। तेंदूखेड़ा का दुर्गोत्सव को 64 साल हो गया है।1960 से प्रारंभ हुये इस दुर्गोत्सव का स्वरूप बढ़कर अब काफी वृहद हो गया है।पहले तेंदूखेड़ा के रामलीला मैदान में बाजू से नवरात्रि के दौरान दीवाल पर माता रानी का चित्र बनाकर पूजन अर्चन किया जाता था। फिर मे ग्राम पंचायत के भवन में यह व्यवस्था की गई तथा 1983 तक नगर के स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। फिर 1972से 1980 तक ग्राम पंचायत भवन में मूर्ति रखना शुरू हुआ।1981 से गांधी चौक पर मूर्ति रखी जाने लगी जो आज वृहद आकार लेकर प्रति वर्ष एक से बढ़कर एक झांकी का स्वरूप स्थानीय कलाकारों द्वारा दिया जाने लगा।पहले नगर में गांधी चौक और नायक मंदिर परिसर में प्रतिमा स्थापित की जाती थी ।बाद में यह सिलसिला बढ़कर नगर के 11 स्थानों पर प्रतिमायें विराजमान की जाने लगी है। नगर के वरिष्ठ बुजुर्ग बताते हैं कि पहले स्थानीय कलाकारों द्वारा घरेलू जुगाड़ू संसाधनों से ही हैरतअंगेज प्रदर्शन किए जाते रहे हैं। नगर मे मुख्य रूप से गांधी चौक नगरिया मंदिर नायक मंदिर वीजासेन मंदिर टाल मुहल्ला बागदाने बाबा कल्यान बाबा पी डब्ल्यू डी कालोनी कृषि उपज मंडी वार्ड क्रमांक 11 में दो स्थानों पर तथा एन एच 45 सड़क मार्ग के किनारे नटराज सहित विभिन्न स्थानों पर प्रतिमायें विराजमान की गई है।समीतियों के द्वारा वृहद स्तर पर जोरदार विद्युत साज सज्जा की गई है सुंदर झांकियां सजाई गई है।

### संगीतमय आरतियों में उमड़ा जनसैलाब

इस बार दस दिनों तक चलने वाले दुर्गोत्सव को लेकर मौसम की प्रतिकूलता मातारानी की भक्ति के आगे बौनी साबित हो रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात्रि में अपने दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर संगीतमय पांच आरतियों में बड़ी संख्या में एकत्रित हो जाते हैं।माता रानी के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु निकल पड़े हैं।देर रात्रि तक दर्शन कर वापिस लौट रहे हैं।





# शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर हनुमान जी महाराज की महाआरती का पावन आयोजन

गोटेगांव नरसिंहपुर

श्रीधाम -श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती *पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ एकांत दुबे रानू द्वारा अंजनीसुत को राजगीर के लड्डू का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय से एवं 302 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें पप्पू सोनी, धर्मेंद्र चौबे, सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर मुकेश सोनी पंकज नोरिया एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति नर्मदा प्रसाद गुप्ता, रघुनाथ राय दीपक सराठे बसंत दुबे मनोज नामदेव दीपक सोनी नीरज नेमा मुकेश सोनी निहाल अग्रवाल विनोद साहू विमलेश राय बटुक सेवक अक्षत सराठे, मातृशक्ति से स्नेह लता श्रीवास्तव नंदिनी जौहरी एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति रही